भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23.08.2023

आरेडिका के सौर संयंत्र की क्षमता में हुई 130 किलोवाट की वृद्धि

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में स्थापित सौर संयंत्र की विद्युत उत्पादन क्षमता में 130 किलोवाट की वृद्धि की गई। जिसका उद्घाटन महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा दिनांक–23.08.2023 को किया गया। इससे सौर संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 3 मेगावाट से बढकर 3.13 मेगावाट हो गई।

महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने बताया कि आरेडिका जीरो कार्बन उर्त्सजन की ओर बढ़ रही है। यह उसी कड़ी में एक कदम है साथ ही उन्होने बताया कि हमारी यह योजना है कि मार्च–2024 तक 14 मेगावाट के अतिरिक्त सौर संयंत्र को स्थापित कर आरेडिका विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भर बन सके तथा अपने कुल विद्युत उपयोग को सौर ऊर्जा द्वारा पूरा कर सकें।

आरेडिका के प्रधान मुख्य विधुत अभियंता श्री हरीश चन्द्र ने बताया कि अभी तक इस सौर संयंत्र की क्षमता 3 मेगावाट थी इसको क्रमिक रूप से बढाया जा रहा है। जिससे अधिकाधिक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन किया जा सके एवं तापीय ऊर्जा के उपयोग को कम किया जा सके। जिसके फलस्वरूप ऊर्जा संरक्षण अभियान में तो मदद मिलेगी ही साथ ही साथ रेलवे राजस्व की बचत भी होगी।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस एस कलसी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियार, प्रधान मुख्य अभियंता श्री राजेश अग्रवाल, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री एम के शकरवाल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चंद्र सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे।

23/8/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी